# 2018

## HINDI

## ( Major )

Paper : 6.3

## ( Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi )

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) पूर्वी हिन्दी की दो बोलियों के नाम लिखिए।

(ख) किस स्वर को विवृत कहा जाता है?

(ग) वाक्य के दो अंग क्या-क्या हैं?

(घ) एक पार्श्विक व्यंजन का नाम लिखिए।

(ङ) 'दान' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द लिखिए।

(च) दो अल्पप्राण ध्वनियों के उदाहरण दीजिए।

(छ) 'कागज' शब्द का बहुवचनीय रूप लिखिए।

**2.** संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) उदाहरण सहित महाप्राण ध्वनि का तात्पर्य बताइए।

(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद बताइए।

(ग) रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइए।

(घ) कर्म कारक सूचक 'को' और सम्प्रदान कारक सूचक 'को' का एक-एक उदाहरण दीजिए।

**3.** संक्षेप में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'हिन्दी' शब्द की व्युत्पत्ति एवं व्युत्पत्तिपरक अर्थ लिखिए।

(ख) उदाहरण सहित 'अघोष' और 'घोष' का तात्पर्य बताइए।

(ग) 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' में मूल अंतर क्या है? प्रत्येक का एक-एक प्रयोग बताइए।

(घ) वचन परिवर्तन के किन्हीं **तीन** नियमों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'कोई', 'कुछ' और 'कौन' सर्वनाम का एक-एक प्रयोग बताइए।

**4.** हिन्दी भाषा के विकास-क्रम को लिखिए। 10

**अथवा**

पूर्वी हिन्दी की बोलियों का सामान्य परिचय दीजिए।





**5.** 'स्वर' किसे कहते हैं? स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए। 10

**अथवा**

कारक किसे कहते हैं? विभक्ति और उदाहरण सहित हिन्दी कारकों का परिचय दीजिए।

**6.** हिन्दी के लिंग-परिवर्तन संबंधी नियमों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए। 10

**अथवा**

लिपि को परिभाषित करते हुए देवनागरी लिपि के गुणों को रेखांकित कीजिए।

★★★